# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जनवरी संस्करण 2017




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान, खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी छेत्रों में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई



## संदेश

हमारा प्रयास है कि नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ, शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरन्तर मिलता रहे। अपने सीमित संसाधनों एवं क्षमता के अनुरुप निगम के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहें है। शुद्ध पेयजल, व्यवस्थित पानी, लाईट युक्त सड़के, आकर्षक उद्यान, व्यवस्थित पार्किंग, तालाब बाजार स्वच्छ, प्रदुषण मुक्त शहर, बनाने हेतु प्रयासरत है। अपने नगर को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## नगर पालिक निगम भिलाई परिसर में नववर्ष मिलन समारोह मनाया गया

भिलाईनगर/ निगम भिलाई में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें निगम क्षेत्र के निर्वाचित पार्षदगण, एल्डरमेन, अध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक एवं प्रिन्ट मिडिया के प्रतिनिधि, नेता प्रतिपक्ष, अधिकारी,कर्मचारी की उपस्थिति में देवेन्द्र यादव ने कहा कि यह देखकर अच्छा लग रहा है हम सब लोग जनता के हित में काम करना चाहतें है इसी प्रकार आपस में मिलकर एक दुसरे के क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण कर सकते है नववर्ष सबसे लिए खुशियों भरा हो हम लोग मिलकर एक नई उर्जा के साथ नगर के विकास के लिए कार्य करेंगे। ऐसा मेरा विश्वास है। आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने शहर को स्वच्छ साफ सुथरा रखने बेहतर जन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मिलकर कार्य करने का आवाहन किया। सबको शुभकामना देते हुए मिलकर कार्य करने को कहा जनता के सहयोग से हम अपने भिलाई नगर को नम्बर-1 बना सकते है। अध्यक्ष श्यामसुंदर राव, नेता प्रतिपक्ष रितेश सेन, सामान्य प्रशासन प्रभारी सुभद्रा सिंह, ने एक स्वर में कहा कि हम लोग निगम बनने के बाद से अबतक निर्वाचित जनप्रतिनिधि है ऐसा आयोजन पहली बार देखकर अच्छा लगा हर वर्ष इस प्रकार का आयोजन होते रहना चाहिये इससे आपसी प्रेम भाव बढ़ता है।



# छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना

भिलाईनगर/ छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत आज निगम भिलाई से 54 तीर्थ यात्रियों को दुर्ग रेल्वे स्टेशन से तख्त श्री पटना साहेब की यात्रा के लिए भेजा गया सभी यात्रियों को निगम द्वारा स्वागत पुष्प, हार, मिठाई, तिलक लगाकर विदा किया। यात्रा 2 जनवरी से 6 जनवरी 2017 तक होगी। जहा यात्रियों को आसपास के क्षेत्रों का भी भ्रमण कराया जायेगा। सभी यात्रियों को अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष सुरेंन्द्र सिंह कैम्बो ने विदा करते हुये शुभकानाएं दी।



# उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन वितरण

भिलाईनगर/ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत् गरीबी रेखा के नीचे निवासरत परिवारों के महिला हितग्राही के नाम से प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन, चुल्हा, रेगुलेटर,पाइप, कागजात, मात्र दो सौ रुपये में प्रदान किया जा रहा है। पुरे छत्तीसगढ़ में 25 लाख गैस कनेक्शन बांटने का लक्ष्य है दुर्ग जिले में 50 हजार ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के परिवारों को बांटना है भिलाई नगर निगम क्षेत्र 24194 परिवारों में से 17 हजार परिवार ऐसे है जिनके पास या उनके परिवार के सदस्य के पास गैस कनेक्शन है शेष हितग्राहियों को उनके आवेदन के अनुसार चयन करके गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के 70 महिलाओं को विधायक विद्यारतन भसीन ने वैशाली नगर जोन कार्यालय-2 के सामने गैस कनेक्शन प्रदान करते हुए खुशी व्यक्त की। उन्हाने कहा कि 70 वर्षों में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए इतनी अच्छी योजना लाई हैं। पहले खाना बनाते समय चुल्हे से निकलने वाले धुंए से सांस, दमा, फेफड़ा एवं आंख की बिमारी हो जाती थी अब उससे राहत मिलेगी। महिलाएं सम्मान के साथ स्वच्छ इंधन बेहतर जीवन जी सकेंगी। कनेक्शन वितरण के दौरान जोन अध्यक्ष परमजीत सिंह लाड़ी, पूर्व पार्षद ललीत मोहन, सहायक आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त आर0के0 पदमवार, सहायक अभियंता संजय अग्रवाल, अरविंद शर्मा, चंन्द्रपाल हरमुख, एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।





## नगर पालिक निगम भिलाई

# प्लास्टिक कैरी बैग प्रतिबंधित

भिलाईनगर/ आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा के निर्देश पर नगर पालिक निगम भिलाई के उड़नदस्ता दल स्वच्छता जागरुकता अभियान में निकला था सुबह 8 बजे जानकारी प्राप्त हुई कि कोचियों द्वारा फल मण्डी में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग ठेले वाले, दुकान वालों को बेच जा रहा है। फल मण्डी से पीछा करते हुए लाल मैदान छावनी थाने के पास पकड़ में आया मौके पर प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग 65 बंडल जब्त किया गया कोचिया बिष्णु दत्त पिता रामेश्वर गुप्ता से 3000 रुपये अर्थदण्ड लिया गया । कोचियों से पुछने पर पता चला कि 8, 10 लोगों का गिरोह है जो रोज सुबह थोक व्यापारियों से माल खरीदते है दिनभर घुम-घुम कर गाड़ी में दुकान-दुकान पर जाकर बेचते है थोक व्यापारी कमीशन में व्यापार करवाता है पैसा का शाम को हिसाब करना रहता है। बिना कैरी बैग के सामान देने पर लोग सामान नहीं लेते है हर व्यक्ति कैरी बेग में ही सामान मांगता है हम सब मजबुर है। हमें भी रोज 100 से 200रुपये का कैरी बैग खरीदना पड़ता है। आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने सभी व्यापारियों आम नागरिकों से अपील की है कि शहर को साफ सुथरा रखने में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग सबसे बड़ी बाधा है लोगों द्वारा फेंका गया प्लास्टिक झिल्ली पन्नी चारों तरफ गंदगी फैलाता है नाली जाम करता है सब लोग मिलकर सहयोग करेंगे तभी हमारा नगर स्वच्छ साफ रहेगा कैरी बैग क्रय विक्रय के उपयोग पर आर्थिक दण्ड के साथ-साथ सजा का भी प्रावधान है किसी भी प्रतिबंधात्मक कार्य को करना अपराध की श्रेणी में आता है ।






# खुले में शौच रोकने हेतु रोको-टोको अभियान

भिलाईनगर/ खुले में शौच को शत् प्रतिशत रोकने निगम के अभियान रोको-टोको आज सुबह 5 बजे से आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा के नेतृत्व में सुपेला रेल्वे स्टेशन, संजय नगर तालाब, स्लाटर हाउस मैदान, शीतला काम्पलेक्स, व्यवसायिक परिसर, आईटी0आई0 खुर्सीपार, ट्रान्सपोर्ट नगर, डबरा पारा, मौहारी भाटा, नेवई, नर्सरी, टंकी मरौदा में निगम की 5-5 सदस्यीय टीम इन स्थानों पर पहुंचकर सायरन सिटी के माध्यम से सुबह डब्बा, पानी की बोतल के साथ जाने वालों को रोका और आग्रह किया। सभी स्थानों पर निगम की टीम के साथ स्थानीय नागरिक जुड़ने से अभियान को गति मिली कर्मचारी भी प्रोत्साहित हुए। आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने शीतला काम्पलेक्स में प्रातः 6 बजे से स्वच्छता अभियान चलाकर काम्पलेक्स के 32 दुकानों की सफाई कराई साथ ही पुराने सुलभ को हटाकर उचित मुल्य दुकान के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्माण सामग्री ठेकेदार से गिरवाई ताकि तुरंत निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकें। आयुक्त दुग्गा ने अपने भ्रमण में पाया कि शहर के मध्य व सड़क के किनारे की खुली भूमि का उपयोग खुले में शौच कर रहें है। वे ऐसे लोग है जो मार्केट में वाहनों से सामग्री लाते है लोडिंग अनलोडिंग के समय पास के मैदान में शौच के लिए बैठ जाते है। आयुक्त ने शीतला काम्पलेक्स, स्लाटर हाउस, फरीद नगर, आई0टी0आई0 के खुले मैदान में जो भी व्यवसायी अस्थाई रुप से प्रदर्शनीय सेल लगाना चाहेगा उसे निगम की शर्ते पर स्थल निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।






## केबिनेट मंत्री के द्वारा साप्ताहिक स्वच्छता अभियान वार्ड-35 खुर्सीपार

भिलाईनगर/ केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने अपने साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के तहत् वार्ड-35 खुर्सीपार जोन-4 में भ्रमण के पश्चात् उपस्थित नागरिकों को नये वर्ष की शुभकामना देते हुए स्वच्छता रैंकिग में भिलाई शहर को नम्बर-1 बनाने के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की। मंत्री श्री पाण्डेय ने गायत्री मंदिर रोड से प्रातः 8 बजे अभियान की शुरुआत करते हुए नगर किनारे तेलहा नाला आई0टी0आई0 के आसपास बी0एस0पी0 पानी टंकी के पास सहित सम्पूर्ण वार्ड का भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने को कहा उन्होने मेन केनाल की सफाई के पश्चात् पार पर एकत्र किये गये कचरे को नहीं उठाने पर क्षेंत्र के प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक जगन्नाथ कुशवाहा को फटकार लगाते हुए कहा कि नाली एवं नालों की सफाई से निकलने वाले कचरों को तुरंत उठायें । प्रायः यह देखा जा रहा नाली सफाई के बाद निकलने वाले कचरे एक से दो दिन तक पड़े रहता हैं । ऐसी स्थिति न रहे और नाली सफाई में दल के पीछे-पीछे कचरा उठाने वाले हाथ ठेला अवश्य लगाये और नाली सफाई के तुरंत बाद कचरा उठाकर डम्पिंग ग्राउण्ड भेजे। उन्होने मौके पर संबंधित थाना के टी0आई0 को बुलवाकर निर्देश दिया कि 24 घण्टे के भीतर खटाल संचालक अपने द्वारा फैलाये गये गोबर एवं कण्डे की गंदगी को साफ नहीं करते है तो इनके खिलाफ शक्त कार्यवाही कर जगह को खाली करावे।






## स्वच्छता जागरुकता अभियान

भिलाई नगर/ स्वच्छता जागरुकता अभियान के तहत् केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेयए पूर्व संसदीय सचिव विजय बघेलए सभापति पी०श्यामसुन्दर रावए जोन-5 अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद सुर्यकान्त सिन्हाए जे०श्रीनिवास रावए पी०श्रीनिवास रावएरंगबहादुरएजी० राजू ने वार्ड-55 सेक्टर-6 के विभिन्न सड़क में भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि दो स्ट्रीट के बीच में छोटे उद्यान की आवश्यकता है। जिसमें 25.50 लोग चहल कदमी करें। जिन जगहों पर पानी की समस्या थी उस जगह में बी०एस०पी० के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये। एच०एस०सी०एल० कालोनी के बीच में बारिश के समस्या के निराकरण के लिए पूर्व मंे किये गये सीमेंन्टीकरण रोड को एक लियेर बिछाये जाने का निर्देश दिये जिससे सड़क और मजबुत हो जाये। कुछ जगहों पर जहा बी०एस०पी० के डबल स्टोरी मकान थे वहाॅ बी०एस०पी० द्वारा नये मकान बनाने हेतु ध्वस्त कर दिया गया है। उनकी भी अपनी समस्या है आज मंत्री महोदय द्वारा 7 किलोमीटर लम्बे क्षेत्र को पैदल भ्रमण करते हुए स्थानीय लोगों की समस्याओं की जानकारी लिए मंत्री महोदय द्वारा इस तरह की स्वच्छता भ्रमण पर स्थानीय लोगों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गईं।


राष्ट्रीय स्वच्छता टीम ने अपने हिसाब से देखा सफाई का हाल



## गणतंत्र दिवस समारोह

भिलाईनगर/गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम मुख्यालय सुपेला प्रांगण में महापौर देवेन्द्र यादव, नेता प्रतिपक्ष रिकेश सेन, जोन 5के अध्यक्ष सूर्यकांत सिन्हा, पार्षद मालती ठाकुर, आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रातः 7::30 बजे ध्वजारोहण कर भारत माता के तैल चित्र का पूजा अर्चना किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 7 कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा टेलीफोन डारेक्ट्री का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहकर संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए कार्य करना सिखाता है। कार्यक्रम में जनसम्पर्क विभाग द्वारा तैयार टेलीफोन डारेक्टरी का विमोचन महापौर, आयुक्त एवं पार्षदों ने किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले दौलत चंन्द्राकर, वासुदेव बैनर्जी, महेश वर्मा, अवध चन्द्राकर, डी.पी. शर्मा, प्रकाश साहू, सुभाष साहू, अजय शुक्ला, प्रकाश साहू, सीताराम यादव को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शरद दुबे ने किया। वहीं निगम के समस्त जोन कार्यालय में प्रातः 7 बजे जोन अध्यक्ष ने पार्षद,एल्डरमेन, अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। मुख्य आयोजन सुपेला कार्यालय में आयोजित किया गया था। जहा निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।





## शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत हनुमान शरण देशमुख सहायक ग्रेड-3, देवता प्रसाद उपाध्याय, नंदकुमार निर्मलकर पम्प सहायक, राधेश्याम वर्मा कारपेंटर, का 62 वर्ष आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होने पर अंतिम कार्य दिवस 31 जनवरी को निगम के सभागार में सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, जनसम्पर्क अधिकारी अशोक पहाड़िया, सहायक आयुक्त अशोक द्विवेदी, योजना अधिकारी मूर्ति शर्मा, राजसच्चर, पुरुषोत्तम साहू, संजय शर्मा, श्रवण ठाकुर,धर्मेन्द्र मिश्रा, नलनिश मिश्रा आदि अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में बिदाई दिया गया।




**Editorial Board**

श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अशोक पहाड़िया
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई